# OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
## RURAL WORKS DEPARTMENT, WORKS DIVISION, BUXAR

**WORK ALLOTED BY CHIEF. ENG.-1, R.W.D., BIHAR, PATNA, VIDE HIS LETTER NO. 1907 W.E., Dated – 21.11.2022**

**(HEAD:– MR-(3054) नई अनुरक्षण नीति–2018**

## Block- Rajpur

NAME OF WORK :- **MR-N/22-23 BUXAR/01**

| Sl. No. | Name of Road | Length (km) | Ag. Value of Const. Cost | Ag. Value of Maint. Cost | Ag. Value of Total Cost |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Basahi to Sikathi | 12.800 | 3,35,82414= | 12293510=00 | 45875924=00 |

**Rate- 22.21% Bellow**

Name of agency:- **NARENDRA KUMAR**

VILLAGE- BANSA, P.O.- KARWANDIYA
P.S.- SASARAM, DISTT.-ROHTAS
BIHAR - 821115.
Mob. No. – 9939923397, 8825170087

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर 10/12/22

Agreement No. 11 MBD of 2022-2023

Date of Start work 10-12-2022

Date of Complete work. 09-09-2023

Registration No.:- **RWD, BIHAR PATNA-1180005/Class-1**

Signature of the Contractor.

10.12.22
Executive Engineer
R.W.D. Works Division, Buxar

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

बिहार BIHAR

AR 895659

## AGREEMENT FORM

This Agreement made the ………………….day of…………/2022

Between **The Executive Engineer R.W.D Work Division Buxar ("The Employer")** of the one part, and **NARENDRA KUMAR VILLAGE- BANSA, P.O.- KARWANDIYA , P.S.- SASARAM, DISTT.-ROHTAS, BIHAR 821115.** [Name & address of Contractor] (**"The Contractor"**) of the other part.

Whereas the Employer is desirous that the Contractor execute Output and performance based Rural Road contract for the maintenance of Roads **Package No.- MR-N/22-23 BUXAR/01** (hereinafter called "**The Works**") and the **Employer** has accepted the Bid by the **Contractor** for the execution of such Works and the remedying of any defects therein, at a contract price of **Rupees - 4,58,75,954.00 (Four Crore Fifty Eight Lac Seventy Five thousand Nine Hundred Fifty Four) only**

| Sl. No. | Name of Road | Length (km) |
|---|---|---|
| 1. | Basahi to Sikathi | 12.800 |

**Rate- 22.21 % Below**

## दिनांक:– 27/09/2022 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति :–

श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
ई० अशोक कुमार मिश्रा, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग।
ई० राजीव नयन प्रसाद सिंह, मुख्य अभियंता–1
श्री आमीर नैय्यर, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग।

2. बैठक में शीर्ष 3054 योजनान्तर्गत E-tendering के माध्यम से प्राप्त की गयी 02 निविदाओं के तकनीकी बीडों पर अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता में गठित तकनीकी बीड समिति द्वारा तकनीकी बीड में योग्य किये गये निविदाकारों के वित्तीय बीड के प्रस्ताव पर विचार हेतु निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिन पर सम्यक विचारोपरांत निम्नवत् निर्णय लिया गया :–

| Sl. No | Division | Package No / Tender Id | Date of Tender Received | AA Amount (In lacs) | Total Bidders | No. of Tech. Qualified Bidders | Bidder's Name/ Bid ID | Bid Amount (In lacs) | Quoted Rate (%) | Tender Award Amount (In Lacs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Buxar | MR-N/33-22 Buxar /01 (Tender Id-118144) | 10.06.2022 | 362.27904 | 7 | 7 | Narendra Kumar (Bid ID - 509464) | 385.74065 | (-)21.21 | 408.75924 | स्वतः प्रतिवेदन से Rate Justification प्राप्त, अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Sanjay Kumar (Bid ID - 509084) | | (-)15.00 | | |
| | | | | | | | Ramanand Rai (Bid ID - 509467) | | (-)20.01 | | |
| | | | | | | | Parikshit Singh (Bid ID - 507551) | | (-)19.01 | | |
| | | | | | | | M/S Vinod Kumar Mishra (Bid ID - 509567) | | (-)19.00 | | |
| | | | | | | | Hemant Kumar Singh (Bid ID - 509145) | | (-)15.09 | | |
| | | | | | | | Shashiranjan Singh (Bid ID - 509364) | | (-)15.00 | | |
| 2 | Buxar | MR-N/21-22 Buxar /01 (Tender Id-116431) | 25.07.2022 | 414.20000 | 8 | 8 | Maa Tarachandi Construction (Bid ID - 501116) | 426.78219 | (-)21.78.00 | 397.07329 | स्वतः प्रतिवेदन से Rate Justification प्राप्त, अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Amit Kumar (Bid ID - 500912) | | (-)12.11 | | |
| | | | | | | | Deepak Kumar Dubey (Bid ID - 501318) | | (-)12.15 | | |
| | | | | | | | M/S Vinod Kumar Mishra (Bid ID - 500996) | | (-)15.01 | | |
| | | | | | | | Ramanand Rai (Bid ID - 501158) | | (-)3.76 | | |
| | | | | | | | Ramesh Prasad Gupta (Bid ID - 501161) | | (-)20.11 | | |
| | | | | | | | Sudhir Kumar (Bid ID - 501089) | | (-)20.02 | | |
| | | | | | | | Sudhir Associates Private Limited (Bid ID - 501094) | | (-)17.11 | | |

3. स्वीकृत निविदाओं के कार्य आवंटन आदेश निम्नांकित शर्तों पर निर्गत किए जाते हैं।

(i) इन योजनाओं पर सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन तथा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं परिमाण विपत्र अनुमोदित है।

(ii) वांछित अग्रधन की राशि MBD के अनुरूप है। पैकेज संख्या, पथ का नाम, परिमाण विपत्र की राशि, तकनीकी स्वीकृति की राशि, संवेदक द्वारा उद्धृत दर, परकलित दर, Bid Capacity आदि सही है।

(iii) संवेदक Defaulter/ काली सूची/ कार्यों को लंबित रखने वाले संवेदकों की सूची में सम्मिलित नहीं है।

मुख्य अभियंता–1 का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना।

पत्रांकः–II/प्र0–01–110/2022 1907 अनु0

प्रेषक, पटना, दिनांकः– 21/11/2022

मुख्य अभियंता–1
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना।

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, **आरा।**

विषयः–ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **बक्सर** के अधीन **शीर्ष 3054 मरम्मति (बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति–2018)** योजनान्तर्गत **Tender ID:-MR-N/22-23 Buxar/01 का पथ मरम्मति एवं पॉच वर्षीय रख–रखाव कार्य (टेन्डर आई0डी0–118114)** के निविदा के वित्तीय बीड के संबंध में।

प्रसंगः–आपका पत्रांक **631 अनु0** दिनांक **22.07.2022**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित किया जाता है ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **बक्सर** के अधीन **शीर्ष 3054 मरम्मति (बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति–2018)** योजनान्तर्गत **Tender ID:-MR-N/22-23 Buxar/01** का पथ मरम्मति एवं **पॉच वर्षीय रख–रखाव कार्य (टेन्डर आई0डी0–118114)** आपके एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **बक्सर** के अनुशंसा पर सफल न्यूनतम दर निविदाकार **Narendra Kumar (Bid ID-509464)** को उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की दर/राशि से 22.21 (बाईस दशमलव दो एक) प्रतिशत कम पर अर्थात **4,58,75,924.00 (चार करोड़ अंठावन लाख पचहत्तर हजार नौ सौ चौबीस)** रूपये मात्र पर आवंटित किया जाता है।

इस निविदा के निष्पादन पर मुख्य अभियंता–4, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक **मु0अ0–4(मु0)–निविदा–04–29/2022–पार्ट–3–2402** अनु0 दिनांक **14.11.2022** के द्वारा विभागीय निविदा समिति की स्वीकृति प्राप्त है।

कार्यादेश निर्गत करने से पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता अग्रधन सत्यापन कर सत्यापन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

2. निविदा की स्वीकृति सिर्फ इसी कार्य के लिए है, जो भविष्य में पूर्वाधारण नहीं होगा।
3. संवेदक के द्वारा एकरारनामा के लिए जमा की गयी राशि एवं निविदा के साथ जमा किये गये राशि से संबंधित एन0एस0सी0/किसान विकास पत्र/बैंक गारंटी आदि का सत्यापन संबंधित डाकघर/बैंक से कराकर प्रमण्डलीय कार्यालय में अभिलेखित किया जायेगा।
4. एकरारनामा के पूर्व निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार सभी वांछित कागजातों की अद्यतन स्वच्छ एवं सत्यापित प्रति निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जायेगा।
5. एकरारनामा के समय निविदाकार से मासिक कार्य योजना लिखित रूप से प्राप्त कर लिया जायेगा, जो एकरारनामा का अंश होगा।
6. कार्य में व्यवहरित सामग्रियों का दर प्राक्कलन में स्वीकृत लीड के आधार पर दिया गया है। कार्य कराते समय अगर इसमें कमी पायी जाती है, तो उसके सापेक्ष दर में कमी कर दी जायेगी।
7. इस कार्य के संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत प्रशासनिक स्वीकृति एवं प्रावैधिक स्वीकृति तथा निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित शर्त एकरारनामा का भाग होगा, जिसे विशेष शर्तों में जोड़कर संवेदक के साथ एकरारनामा किया जायेगा।
8. एकरारनामा के समय प्रत्येक मद के भावा की शुद्धता की जॉच कार्यपालक अभियंता स्वयं कर लेगें।
9. कार्यारम्भ के पूर्व कार्यपालक अभियंता कार्य स्थल के निरीक्षणोपरान्त स्थल की स्थिति, सरकारी भूमि की उपलब्धता एवं प्राक्कलन में किये गये उपबन्ध से पूरी तरह आश्वस्त हो लेगें एवं प्रावैधिक स्वीकृति के अग्रसारण प्रारूप में दिये गये निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

10. एकरारनामा के समय संवेदक से कार्य प्रोग्राम प्राप्त कर लेंगे एवं उसका अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।
11. अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता विशेष रूप से ध्यान देंगे कि कार्य मानक विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित कार्य अवधि के अन्दर पूरा हो जाये।
12. एकरारनामा के पूर्व कार्यपालक अभियंता आश्वस्त हो लेंगे कि संबंधित संवेदक का नाम डिबार सूची/काली सूची में सम्मिलित नहीं है।
13. सफल संवेदक के साथ शीघ्रातिशीघ्र एकरारनामा वित्त अधिनियम के तहत् 21 दिनों के अन्दर कर कार्य प्रारम्भ कराया जाय। एकरारनामा करने के लिए संवेदक को एक निश्चित समय सीमा दी जाय और उस समय के अन्दर सभी कागजातों के साथ उपस्थित नहीं होने पर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाय जिससे कि उचित कार्रवाई की जा सकें।
14. इस कार्य का व्यय **शीर्ष 3054 मरम्मति (बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति–2018)** से विकलित होगा।
15. कार्य का प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक महीने की सातवी तारीख तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को समर्पित की जाय।
16. एकरारनामा करने से पूर्व संबंधित अधीक्षण अभियंता परिमाण विपत्र के मद, मात्रा एवं दर की जाँच पुनः कर लेंगें।
17. एकरारनामा करते समय यह प्रावधान किया जाय कि संवेदक त्रुटिपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति के लिए पूर्णतः दोषी माने जायेंगें।
18. यदि सफल निविदादाता विभाग में निबंधित नहीं हैं तो एकरारनामा के पूर्व उन्हें विभाग में विधिवत निबंधन काराना आवश्यक होगा।
19. संबंधित कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित कर लेंगे कि यह कार्य किसी अन्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत नहीं है एवं किसी अन्य एजेन्सी के द्वारा इसका कार्य नहीं कराया जा रहा है।
20. इस कार्य पर होने वाले व्यय को वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति की राशि के अन्तर्गत ही रखा जाय। एकरारनामा करने से पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित कर लेंगे कि संवेदक के पास पूर्व में कोई कार्य लम्बित नहीं है।
21. निविदा में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर इसकी सूचना यथाशीघ्र मुख्यालय को भेजी जाय एवं निर्देश प्राप्त होने तक निविदा पर अग्रतर कार्रवाई स्थगित रखा जाय।
22. सभी निविदा कागजात एवं तुलनात्मक विवरणी की मूल कागजात अग्रत्तर कार्रवाई हेतु वापस लौटायी जा रही है।
23. कार्यपालक अभियंता एकरारनामा के पूर्व संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र की शुद्धता की जाँच कर लेंगे। किसी प्रकार कि भिन्नता होने पर एकरारनामा नहीं करेंगे तथा अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगे। साथ ही साथ यंत्र–सयंत्र की उपलब्धता के संबंध में भी आश्वस्त हो लेंगे।
24. विभागीय पत्रांक 14/अ0प्र0–03–21/2021–489 अनु0 पटना दिनांक 28.01.2021 का अनुपालन सुनिश्चित करेंगें।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर को तुलनात्मक विवरणी की एक अभिप्रमाणित प्रति अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, आरा अभिलेख हेतु उपलब्ध करा दें।

कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना देगें।

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

21/11/22

मुख्य अभियंता–1

ज्ञापांक:– 1907 पटना, दिनांक:– 21/11/2022

प्रतिलिपि:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.11.22

मुख्य अभियंता–1